पर्दाफाश | नवविवाहिता हत्या मामले का पुलिस ने किया चंद घंटे में खुलासा

# जेठ ने ही कुल्हाड़ी मारकर की थी बहू की हत्या



**शहडोल, नवभारत।** शनिवार को जैतपुर के दर्शीला चौकी अंतर्गत गांव खाड़ा में खलिहान में महिला का शव घास में मिला था। मृतका महिला की पहचान संगीता पति माखन प्रजापति (25) के रूप में हुई थी। महिला के सिर में गंभीर चोट के निशान थे। शव मिलने की जानकारी संगीता के पति ने पुलिस को दी थी।

पुलिस ने बताया कि संगीता का पति मजदूरी करने घर से गया था, जब वह वापस लौटा तो संगीता घर में मौजूद नहीं थी। इसके बाद उसने उसकी तलाश की तो संगीता का शव खलिहान में मिला। इसके बाद पति ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव देख यह साफ था कि महिला के सिर में किसी धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की गई है।

### आरोपी के बयान बदलने से पुलिस को हुआ शक

थाना प्रभारी ने बताया कि जब हम मौके पर पहुंचे थे तो महिला का शव खून से लथपथ खलिहान में मिला था। इसके बाद हमने पूछताछ शुरू की, तो पता लगा कि घटना के समय संगीता के साथ घर में जेठ जीवनलाल और सास मौजूद थे। जीवनलाल पुलिस की पूछताछ में अपना बयान बदल रहा था। पुलिस को बयान बदलने में आरोपी पर शक हुआ, और कड़ी पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### आरोपी ने डंडे को जला कर कुल्हाड़ी छुपा दी

मृतका के जेठ जीवनलाल ने पुलिस को बताया कि संगीता मेरी मां से विवाद कर रही थी, तभी मैं उसे समझाने लगा लेकिन संगीता मानी नहीं, और तभी घर में रखी कुल्हाड़ी से मैंने उसके सिर में हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को खलिहान में छुपा दिया। जब मेरा छोटा भाई माखन घर पहुंचा तो उसकी तलाश की और लाश मिल गई। घटना के बाद आरोपी ने कुल्हाड़ी छुपा दी थी, और उसके बेंत (डंडे) को जला दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में चंदे घंटे में खुलासा किया है।

## एसआईआर कार्य में रूचि नहीं लेने पर बीएलओ को नोटिस

**कटनी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 एस आई आर कार्य में रूचि नहीं लेने और प्रगति के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ली जा रही समीक्षा बैठक में सहयोग नहीं करने पर विस क्षेत्र 94, बहोरीबंद के मतदान केन्द्र 141 स्लीमनाबाद के बीएलओ हरिनारायण सोनी को बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक की रिपोर्ट की समीक्षा के अनुसार बीएलओ हरिनारायण सोनी के मतदान केन्द्र की प्रगति मात्र 74.45 प्रतिशत पाई गई। यह स्थिति संतोषजनक नहीं होने से ग्राम पंचायत भवन स्लीमनाबाद में शाम साढ़े पांच बजे समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिस पर बीएलओ द्वारा द्वारा बताया गया कि वे हाई स्कूल स्लीमनाबाद में उपस्थित हैं। समीक्षा बैठक के लिए एसडीएम बहोरीबंद के पहुंचने के पूर्व बीएलओ अपने कार्यक्षेत्र से चले गए। दूरभाष पर अनुपस्थित रहने का कारण पूछे जाने पर बीएलओ द्वारा कोई समाधान कारक जबाब नही दिया गया। जिस पर उन्हें नोटिस देकर जवाबा मांगा गया।

# अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अब 14 फरवरी को



▶ एसआईआर कार्य हेतु घर-घर मतदाताओं का सत्यापन 11 दिसम्बर तक-जिला निर्वाचन अधिकारी

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संषोधित एसआईआर कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्य के लिएघर-घर मतदाताओ की सत्यापन की तिथि 11 दिसम्बर, ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करने की तिथि 16 दिसम्बर, दावा आपत्ति की तिथि 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2026, सुनवाई और सत्यापन की तिथि 16 दिसम्बर से 7 फरवरी 2026 एवं अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तिथि 14 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शहडोल जिले में कुल 798190 मतदाता है जिसमें पुरूष 405215, महिला 392965 एवं 10 अन्य मतदाता शामिल हैं एवं कुल 966 मतदान केंद्र बनाए गए है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग ने प्रेसवार्ता में बताया कि शहडोल जिले के समस्त मतदाता जिन्हें न्यूमेरेशन फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ है या फॉर्म भरने में कोई समस्या आ रही हो तो दूरभाष नंबर 8349901772 एवं 076521950 या जिला निर्वाचन कार्यालय शहडोल में पर संपर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।उन्होंने बताया कि गणना पत्रक में चाही गई जानकारी एवं मतदाताओ की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित जानकारी चुनाव आयोग की बेवसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते है एवं अधिक जानकारी व सहायता के लिए कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 1950 पर कॉल भी कर सकते है।जो वोटर कही बाहर है,वो भी ऑनलाइन एसआइआर फॉर्म फिल कर सकते है। बैठक में निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे द्वारा पत्रकारो को वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम सर्च करने एवं जिले में एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी भी दी गई। प्रेसवार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे सहित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के संवाददाता उपस्थित रहे।



# सरस्वती शिशु मंदिर गोहपारू का हुआ भूमिपूजन

**शहडोल।** सरस्वती शिशु मंदिर गोहपारू के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयसिंहनगर क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनीषा सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

गोहपारू ग्राम पंचायत के आज इस अवसर पर चुहिरी के मंडल अध्यक्ष राजीव तिवारी,गोहपारू मंडल के मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश गुप्ता, जिले के नेता आदिशक्ति सिंह,गोहपारू जनपद सदस्य शैलजा सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना पांडे, विद्यालय के अध्यक्ष, उपसरपंच गोहपारू विक्रम सिंह, भाजपामंडल चुहिरी, गोहपारू के महामंत्री, उपाध्यक्ष, अन्य महानुभाव, भाजपा के कार्यकर्ता, अभिभावक, विद्यालय के आचार्य,प्रिय छात्र, छात्रा एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र सेनानी स्व . नरेंद्र दुबे को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी अंतिम विदाई

▶ कलेक्टर ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धाजंलि





**शहडोल।** लोकतंत्र सेनानी स्व नरेंद्र दुबे ने 29 नवम्बर 2025 को रात्रि 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में अंतिम सांस ली। स्व. दुबे का अंतिम संस्कार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शांतिवन श्मशान, बुढार रोड शहडोल में किया गया। ज्येष्ठ पुत्र अमित दुबे ने मुखाग्नि दी। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग ने लोकतंत्र के प्रहरी स्व. नरेंद्र दुबे के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी। श्री दुबे के दुःखद निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर भाजपा जिला अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र दुबे के निधन पर गहरा शोक जताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा की हम सभी के मार्गदर्शक प्रखर वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी श्री नरेंद्र दुबे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, किन्तु उनके दिखाए रास्ते, उनके साथ बिताये पल हमारे जीवन की पूंजी बनकर हमें निरंतर प्रेरणा प्रदान करते रहेगी।

### 18 वर्ष की आयु में गए थे जेल

70 के दशक में छात्र नेता के रूप में संयुक्त शहडोल जिले में युवाओं के बहुत बड़े समूह का नेतृत्व करने वाले श्री दुबे, छात्र जीवन से ही प्रखर वक्ता एवं तेज तर्रार छात्र नेता के रूप मे अपनी पहचान बनाने वाले, एक ऐसे छात्र नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन काल मे किसी गलत कृत्य, एवं अनैतिक व्यवहार व आचरण को कभी भी स्वीकार नहीं किया। संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रख कर, मातृभूमि की सेवा मे सपर्पित उनका जीवन हमेशा संघर्षप्रद रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा जून 1974 मे देश में लगाए गए आपातकाल का पुरजोर विरोध कर, 18 वर्ष की अल्प अवस्था मे सैकड़ों युवाओं को साथ लेकर नरेंद्र दुबे आपातकाल जैसे काले कानून के खिलाफ सड़क पर लड़ाई लड़े फलस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर मीसा एक्ट में जेल में डाल दिया गया। तरह-तरह की यातनायें दी गई, किन्तुजेल मे डालने के बावजूद भी उनका आत्म विश्वास कभी कम नहीं हुआ वे जेल के भीतर रह कर भी उन्होंने आपातकाल जैसे काले कानून का विरोध जारी रखा। 19 महीने बाद उन्हें जेल से रिहा किया गया। जनता दल से राजनैतिक यात्रा प्रारम्भ करने वाले, नरेंद्र दुबे भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष सहित अनेक जिम्मेदारी पूर्ण पद पर रहकर, संगठन कार्यों मे लगातार सक्रिय रहे हैं, पार्टी के अति वरिष्ठतम नेता के रूप मे उनका महत्वपूर्ण स्थान था। श्री दुबे सदैव ही पीड़ित एवं कमजोर व्यक्तियों के साथ खड़े रह कर उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने में अग्रणी रहे है।

लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय नरेंद्र दुबे के निधन पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता, राकेश सोनी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, प्रकाश जगवानी, सुशील शर्मा, प्रियम त्रिपाठी, राजाराम पांडे, राजेंद्र गौतम, अंकुश शर्मा, अमित गुप्ता बंटी, आदित्य चपरा, रवींद्र वर्मा, सुनील मिश्रा, चंद्रेश द्विवेदी, राजेश मिश्रा, जानू छाबड़ा, पिंकू शुक्ला, सुमित पाठक, मीनू सिंह, सूर्यकांत मिश्रा, प्रकाश सोनी, संतोष रावत, मनीष गुप्ता, सोनू जायसवाल, संतोष मिश्रा कक्का, मनीष पांडे, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि।

# दबिश देकर जब्त की 1 लाख 6 हजार रूपए की शराब और महुआ लाहन

**नवभारत, कटनी।** जिले में अवैध शराब निर्माण, विक्रय, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग कार्रवाई का अभियान चला रहा है। अभियान के तहत की गई कार्रवाई में आबकारी की टीम ने लगभग एक लाख 6 हजार रूपए की महुआ लाहन और शराब जब्त की है। आबकारी की टीम चार लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला भी दर्ज किया है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि बहोरीबंद क्षेत्रांतर्गत ग्राम करहिया, रेयपुराहार केमोरी हार, खम्हरिया, घुघरा हार, ग्राम बड़खेरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 35 लीटर हाथ भट्टी शराब और 675 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार 475 रूपए है। जब्त महुआ लाहन का सेंपल लेकर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, वृत्त प्रभारी आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आंचल प्रजापति सहित अन्य स्टाफ की भूमिका रही। आबकारी अधिकारी ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई अभियान लगातार जारी रहेगा। आबकारी की टीम लगातार क्षेत्रों में दबिश देकर शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# अनुकरणीय कार्य करने पर एनआईएस कोच रईस अहमद सम्मानित



**शहडोल।** जवाहर नवोदय विद्यालय पीएमश्री स्कूल वारासिवनी में 'गति निर्धारक' कार्यक्रम के अंतर्गत मिनी ब्राज़ील विचारपुर के संस्थापक सहायक संचालक खेल पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी (एनआईएस) फुटबाल कोच रईस अहमद तथा बालाघाट जिले एवं नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों एवं वीरेंद्र बैगा मिनी ब्राज़ील विचारपुर के जर्मनी से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी को, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी बालाघाट, (एसडीओपी) वारासिवनी अभिषेक चैधरी, स्कूल के प्राचार्य रणवीर सिंह द्वारा प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रचार द्वारा कहा गया की रईस अहमद द्वारा कम संसाधन होने के बाद भी विचारपुर आदिवासी अंचल गांव के बालक, बालिकाओं को उत्कृष्ट खेल का परीक्षण देखकर लगभग 70 से 80 राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी तैयार किए हैं जो प्रशंसनीय है, विचारपुर गांव आदिवासी अंचल के खिलाड़ियों को रूपांतरित करने हेतु अपना समर्पण, अनुशासन और राष्ट्र सेवा प्रशंसनी है, जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मान की बात में एवं अन्य स्थानों में की है, आपके प्रयासों से यहां के बच्चों को ने नई दिशा पाई है, विचारपुर गांव आज मिनी ब्राज़ील नाम से जाना जाता है, आपकी योगदान से अपने खेल, शिक्षा, विकास तीनों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा इसकी सराहना आज देश एवं विदेश में हो रही है। अतिथियों, प्रशिक्षकों, विद्यालय स्टाफ, विद्यालय के विद्यार्थी,अभिभावक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अयाज अंसारी द्वारा किया गया।

# महाकौशल प्रांत में प्राप्रंभ हुआ व्यापक गृह संपर्क अभियान

**शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देशभर में चलाए जा रहे व्यापक गृह संपर्क अभियान की शुरुआत महाकौशल प्रांत में रविवार से कर दी गई है।

प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर महाकौशल प्रांत द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार, महाकौशल प्रांत के 10 विभाग और 34 जिलों के 23,914 ग्राम तथा नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों में रह रहे 65 लाख से अधिक परिवारों तक संपर्क किया जाएगा। शहडोल जिले में 6 खंड, 836 ग्राम, 6 नगर और 28 बस्ती स्तर में निवास कर रहे लगभग 2 लाख 50 हजार परिवारों से संपर्क करने का लक्ष्य निर्धारित है। संपर्क कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए 5-5 स्वयंसेवकों की टोलियाँ गठित की गई हैं, जिनमें विविध क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ 2-2 मातृशक्तियों को भी शामिल किया गया है। उद्देश्य यह है कि अभियान के दौरान कोई भी घर संपर्क से वंचित न रहे। अभियान के दौरान प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की गतिविधियों संबंधी एक पत्रक भेंट किया जाएगा। साथ ही सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर भी संवाद स्थापित किया जाएगा। दरअसल व्यापक गृह संपर्क अभियान का मूल उद्देश्य है 'समाज की बातों को सुनना और उनसे संवाद स्थापित करना है।

# मार्ग बदहाल, फिर भी टोल नाकों से हो रही टैक्स वसूली

▶ कटनी-दमोह मार्ग में कई स्थानों पर हैं गड्ढे



**नवभारत, कटनी।** क्षेत्र के हजारों वाहन चालकों और यात्रियों की जीवन रेखा मानी जाने वाली कटनी-दमोह सड़क इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रही है। सड़क की मरम्मत के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च होने का दावा किया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि इस मार्ग पर सफर करना किसी जोखिम से कम नहीं।

जगह-जगह उखड़ी डामर, गड्ढों का जाल, ऊंची-नीची सतह और बारिश के बाद बने खतरनाक खड्डे रोजाना दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस सड़क का निर्माण और रखरखाव का ठेका बंसल कंपनी के पास है। बारिश के बाद कंपनी द्वारा सड़क में मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ थिगड़े लगाने का काम किया गया। न तो सड़क की प्रोपर लेवलिंग हुई, न ही टायर ग्रिप को ध्यान में रखते हुए डामरीकरण। कई जगह तो सिर्फ गड्ढों में मिट्टी भरकर उन्हें सुधार बता दिया गया। यही वजह है कि कुछ दिनों में पैचवर्क फिर उखड़ गया और सड़क पहले से भी ज्यादा खतरनाक हो गई।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इसी जर्जर सड़क पर दो स्थानों पर टोल टैक्स की वसूली की जा रही है। वाहन चालक मजबूर होकर टोल का भुगतान कर रहे हैं लेकिन बदले में उन्हें सुरक्षित सड़क नहीं मिल रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब सड़क का स्तर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार नहीं है यात्रियों का कहना है कि सरकार और विभाग सिर्फ कागज़ों में सड़क सुधार दिखा रहे हैं, जबकि जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मार्ग से काफी संख्या में वाहन गुजरते हैं।

## कॉलेज के छात्रों को बताए गीता श्लोक और उनके अर्थ

**कटनी।** जिले के उमरियापान स्थित शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के परिपालन में गीता महोत्सव को लेकर बीते दिवस शुक्रवार को गीता पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए । इस दौरान डॉ दीपिका जैन ने गीता ग्रन्थ की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ अभिलाषा चौरसिया ने गीता ग्रन्थ के आध्यात्मिक और दार्शनिक सिद्धांतों से परिचित कराया व उनके ज्ञान और आत्मविश्वास एवं कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया इसके साथ ही गीता पर आधारित गीता के श्लोकों और उनके अर्थों को समझाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी और प्राध्यापकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# सड़कों से हटाया गया अतिक्रमण, 35 के खिलाफ की गई जुर्माना कार्रवाई

▶ शहर के मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र से हटाया गया अतिक्रमण



**नवभारत, कटनी।** नगर के मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों को सुगम, बाधा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम, पुलिस विभाग, यातायात विभाग के संयुक्त सहयोग से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सुभाष चौक, मुख्य स्टेशन रोड पहुंच मार्ग, बरही रोड, गर्ग चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड मुख्य मार्ग के किनारे सहित तिराहों, चौराहों और व्यस्त बाजार क्षेत्रों से अवैध रूप से रखे गए ठेला-खोमचे, कबाड़ सामग्री, को हटाया गया। प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान लगभग 35 से भी अधिक लोगों पर लगभग 12 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों की मार्ग में रखी सामग्री की जाप्ती की कार्यवाही भी की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। कार्रवाई के दौरान यातायात प्रभारी राहुल पांडे, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित पुलिस विभाग और नगर निगम के अतिक्रमण शाखा के कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।